# विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की शपथ दिलाई

**बीकानेर, (कासं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी दक्षिण विस्तार, बीकानेर एवं राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय हाउसिंग बोर्ड पवनपुरी बीकानेर में आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का दृढ संकल्प लिया तथा स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को जीवन में उतारने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम कुमार सीलू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वदेशी की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे न स्वयं भारतीय उत्पादों का उपयोग करेंगे बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल एक पसंद नहीं बल्कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। व्याख्याता सुनील मिश्रा ने अपने संबोधन में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का विद्यार्थियों से आध्यान करते हुए कहा कि वे विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करें। उन्होंने कहा उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का मंत्र आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक के विद्यालय की प्राचार्य रचना गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वदेशी के व्यावहारिक महत्व की जानकारी देते हुए स्वदेशी पर जोर देते हुए बताया कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से हमारे देश के छोटे उद्योगों और कारीगरों की संबल मिलता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के वैश्विक दौर में अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और अपनी संस्कृति व उत्पादों पर गर्व करना ही सच्ची देशभक्ति है।शिक्षक नेता रवि आचार्य ने विद्याथिर्यों को आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पारंपरिक मूल्यों को संजोए रखने की सीख दी।

- **विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को जीवन में उतारने की शपथ भी ली**



**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी दक्षिण विस्तार बीकानेर एवं राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय हाउसिंग बोर्ड के विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प दिलाया।**

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** आधी रात को घर में जबरन घुसकर धारदार हथियारों से किये गए जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

चूनावढ़ पुलिस ने आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। घटना नेतेवाला गांव में 21-22 दिसम्बर रात को हुई थी। जांच अधिकारी एएसआई सुनील बिश्नोई ने आरोपी दोदेवाला निवासी 24 वर्षीय पवन कुमार, 20 एमएल निवासी 21 वर्षीय गुरमीत सिंह तथा अलीपुरा निवासी 21 वर्षीय प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों ने नेतेवाला गांव निवासी 20 वर्षीय रवि मजहबी सिख के बयान पर मामला दर्ज किया था। पुलिस को दिए पर्चा बयान में घायल रवि ने बताया कि उसके भाई चरणजीत सिंह ने नेतेवाला गांव निवासी लाजवंती मेघवाल से 10 दिन पूर्व प्रेम विवाह कर लिया था। इससे नाराज होकर लाजवंती के फुफेरे भाई दोदेवाला निवासी पवन मेघवाल ने अपने साथ गुरमीत, नीमा व गगन बाजीगर, फौजी नायक, लाधुवाली, आकाश मजहबी सिख, नेतेवाला निवासी काला वाल्मीकि, राहुल मेघवाल व तीन-चार अन्य युवकों के साथ 21 दिसम्बर रात को दो बजे आरोपी दीवार कूदकर घर में घुसे। आरोपियों ने कुल्हाड़ी, बरछा और तलवारों से हमला किया।

## फर्जी जमीन बिक्री मामले में दो गिरफ्तार

**पूगल, (कासं)।** पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग कर करोड़ों रूपए की बेशकीमती जमीन बेचने के आरोप में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पूगल थाना क्षेत्र में की गई है।

पूगल थाना अधिकारी समरवीर सिंह ने बताया कि जयपुर निवासी बाबूलाल पुत्र जगन्नाथ राम जाट ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया था। बाबूलाल ने पूगल तहसील के ग्राम करणीसर भाटियान की रोही में स्थित 75 बीघा कृषि भूमि श्रीगंगानगर निवासी शारदा देवी पत्नी सुभाष चंद्र जाट से खरीदी थी। यह भूमि प्रतिबंधित क्षेत्र में होने के कारण कलेक्टर ने इसका नामांतरण निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद भूमि मूल मालिक के खातेदारी में दर्ज रही। वर्ष 2020 में इस क्षेत्र में सोलर कंपनियों द्वारा प्लांट लगाये जाने के कारण जमीनों के दाम तेजी से बढ़ गए। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए करणीसर भाटियान निवासी रूपसिंह पुत्र विजय सिंह और चुन्नी सिंह पुत्र पूनम सिंह राजपूत ने मूल मालिक के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। उन्होंने इस जमीन को आगे कई लोगों को बेचकर लाखों रूपये का मुनाफा कमाया। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस की पूछताछ जारी है। इस फर्जीवाड़े में गिरोह के अन्य सदस्यों का भी खुलासा हो सकता है।

### सार-समाचार

## 'युवा राष्ट्र के उत्थान के प्रयास करें'



**विधायक जेठानंद व्यास ने अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के फोल्डर का विमोचन किया।**

**बीकानेर, (कासं)।** माई युवा भारत के अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत बूंदी के 37 युवाओं का पांच दिवसीय कार्यक्रम सोमवार को उदासर के एक रिजॉर्ट में शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास थे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर युवा समाज और राष्ट्र के उत्थान के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है। देश को विकसित बनाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवाओं से नशे से दूर रहने का आव्हान किया तथा दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की बात कही। जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार युवाओं के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। माई युवा भारत की जिला कार्यक्रम अधिकारी रूबी पाल ने बताया कि बूंदी का 37 युवाओं का दल पांच दिन तक बीकानेर में रहेगा। इस दौरान क्षेत्र भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवा संवाद, विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम का संचालन मदन चारण ने किया। इस दौरान राजा सेवग, शिव पांडिया, मनोहर सिंह भाटी और छोटूराम पूनिया आदि मौजूद थे।

## महिलाओं को जागरूक किया



**कच्ची बस्ती में महिलाओं को मासिक धर्म की अनियमितता, गर्भावस्था से संबंधित समस्याओं पर जानकारी दी।**

**बीकानेर, (कासं)।** जयपुर रोड स्थित कच्ची बस्ती में हरि प्यारी सेवा समिति व महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल के सचिव वीर चन्द्र कुमार राखेचा, वीर टोडरमल चौपड़ा ने बताया कि महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को उनके शारीरिक, मानसिक और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा महिलाओं का स्वास्थ्य जटिल और बहुआयामी है, जो कई कारकों से प्रभावित होता है। किशोरावस्था से लेकर रजोनिवृत्ति तक, महिलाओं को मासिक धर्म की अनियमितता, गर्भावस्था से संबंधित समस्याओं और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) जैसी स्थितियों जैसी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रिया भार्गव ने महिलाओं को सैनेटरी पैड का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया व उसके फायदे समझाये। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश कपूर व एडवोकेट कन्हैयालाल बोथरा ने बताया कि संतुलित आहार, आयरन-फोलिक एसिड की खुराक और नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से एनीमिया को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। जिसमें संस्थान द्वारा आगे नि:शुल्क जांच शिविर भी लगाये जायेंगे। सभी महिलाओं को संस्थान द्वारा सैनिटरी नैपकिंस, स्वेटर व मूंगफली वितरित की गई।

## रोड़ा उप स्वास्थ्य केन्द्र होगा क्रमोन्नत

**नोखा, (कासं)।** रोड़ा में उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने रोड़ा ग्राम पंचायत में जनसुनवाई और रात्रि चौपाल की। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत-जीरामजी योजना के प्रावधानों की जानकारी दी और कहा कि ये योजना ग्रामीण जीवन में बड़े बदलाव लायेगी, जिससे स्थायी आजीविका और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। मंत्री खींवसर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

# पति ने मफलर से गला घोंटकर पत्नी को मौत के घाट उतारा

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के जसरासर थाना क्षेत्र के बादनूं गांव में पति ने आपसी विवाद के बाद अपनी पत्नी की मफलर से गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में मृतका के बेटे ने ही अपने पिता के खिलाफ मां की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

जसरासर थाना अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि बादनूं गांव निवासी नानूराम नायक (45) पेशे से किसान है। वह अपनी पत्नी सुशीला देवी (40) और दो बेटों के साथ खेत में रहकर खेती-बाड़ी करता था। सर्दी अधिक होने के कारण खेत मालिक ने परिवार को ढाणी में बने एक कमरे में रहने के लिए जगह दी थी। हालांकि खेत में ही उनका झोंपड़ा भी बना हुआ है, जहां वे आमतौर पर खाना बनाने और दिनचर्या का काम करते थे।

नानूराम और उसकी पत्नी सुशीला देवी खेत मालिक के कमरे से निकलकर लगभग 300 मीटर दूर अपनी झोंपड़ी में पहुंचे। वहीं वे रोज की तरह चाय और भोजन बनाने लगे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर नानूराम ने अपनी पत्नी का मफलर से गला घोंट दिया। इससे सुशीला देवी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के दो बेटे हैं।

महिला का पीहर सांडवा थाना क्षेत्र में बताया गया है। सुबह करीब 9 बजे तक जब बेटे मनोज और अन्य परिजनों को खेत में माता-पिता नजर नहीं आये तो वे झोंपड़ी की ओर गए। वहां मां का शव पड़ा मिला, जबकि पिता मौके से गायब था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मृतका के पुत्र मनोज ने जसरासर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने पिता नानूराम पर मां की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

सूचना मिलने पर जसरासर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अधिकारी आलोक सिंह ने बीकानेर से एफएसएल टीम को बुलवाकर घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्रित कराए। पुलिस ने मृतका सुशीला देवी के शव को नोखा के जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पोस्टमॉर्टम कराया जायेगा।

वहीं आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देने के लिए टीमें गठित कर दी हैं। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

- **चाय-खाना बनाते समय दोनों में हुआ था झगड़ा, मां का शव देख बेटे ने अपने पिता के खिलाफ मां की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया**
- **जसरासर थाना क्षेत्र के बादनूं गांव में हुई वारदात, गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित**

## सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति जानी

**बीकानेर, (कासं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कलेक्ट्रेट सभागार में दो चरणों में बैठक लेते हुए सरकारी कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा आगामी वित्तीय वर्ष के बजट के मद्देनजर विभिन्न वर्गों से प्रस्ताव प्राप्त किए।

पीबीएम हॉस्पिटल के लिए प्रस्ताव रखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने कॉलेज भवन और एनाटोमी के डिसेक्शन हॉल के लिए ढाई करोड़, हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल में 50 बैड की कैजुअल्टी निर्माण के लिए ढाई करोड़ और नई कैथ लैब मांगी है। इसके साथ ही बायोकेमिस्ट्री लैब में सेंटर डायग्नोस्टिक विंग के लिए 20 लाख रूपए मांगे हैं।

उन्होंने आगामी बजट में शामिल करने के लिए प्रस्ताव प्रभारी मंत्री को सौंप दिए। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने बजट घोषणा के तहत सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों की प्रगति जानी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ रूपए की सड़कों के कार्यों को अविलम्ब पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बज्जू अनाज मंडी से 11 टन मूंगफली चोरी

**बज्जू, (कासं)।** अनाज मंडी से 11 टन मूंगफली से भरा एक मिनी ट्रक चौमू (जयपुर) के लिए रवाना होने के बाद गायब हो गया।

इस मामले में पूगल की निशिका इंटरप्राइजेज ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक राजेन्द्र सिंह राजपूत ने बज्जू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ट्रक में 277 कट्टे मूंगफली भरी हुई थी, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। बज्जू थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि राजेन्द्र सिंह राजपूत ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनकी फर्म माल के आयात-निर्यात के लिए गाड़ियां उपलब्ध कराती है।

बज्जू की फर्म सीएम इंटरप्राइजेज (दुकान नंबर ए-19, अनाज मंडी बज्जू) ने चौमू, जयपुर माल भेजने के लिए एक गाड़ी की मांग की थी। इसके बाद बालाजी ट्रांसपोर्ट कंपनी, रावला मंडी के प्रोपराइटर रामस्वरूप सैन के माध्यम से एम.के. ट्रांसपोर्ट कंपनी, सहारनपुर (यूपी) से ट्रक मंगवाया गया। यह ट्रक 25 दिसम्बर को बज्जू मंडी पहुंचा। दुकान के मुनीम कैलाश खीचड़ और दलीप सैनी ने ड्राइवर मोहम्मद कामील पुत्र मोहम्मद तामकीन को 277 कट्टे मूंगफली (कुल वजन 11 टन 24 किलोग्राम) भरकर शाम करीब 8:15 बजे चौमू के लिए रवाना किया। यह माल अगले दिन 26 दिसम्बर को चौमू मंडी में खाली होना था।

26 दिसम्बर को ड्राइवर कामिल ने सीएम इंटरप्राइजेज के मालिक रामेश्वर लाल सियाग को फोन कर डीजल के लिए 10 हजार रूपये पेट्रोल पंप के स्कैनर पर मंगवाए। इसके बाद ड्राइवर ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। मूंगफली का यह माल चौमू स्थित फर्म सुभाषचंद्र, सुरेश कुमार अनाज मंडी तक आज दिनांक तक नहीं पहुंचा है। ट्रांसपोर्टर राजेन्द्र सिंह ने बताया कि वे ड्राइवर और गाड़ी की तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर उन्होंने मामला दर्ज कराया। बज्जू पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

- **25 दिसम्बर को निकला ट्रक माल सहित गायब**

# नहरबंदी के विरोध में किसानों का पड़ाव

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पंजाब में फिरोजपुर फीडर के पुनः निर्माण कार्य के दौरान बीकानेर कैनाल में 1500 क्यूसेक पानी छोड़ने के विरोध में किसानों ने सोमवार को श्रीगंगानगर में महाराजा गंगासिंह चौक पर अनिश्चितकालीन पड़ाव डाल दिया।

किसान संगठनों का कहना है कि राज्य सरकार ने बिना ऑप्शनल व्यवस्था के नहरबंदी की तैयारी की है, जिससे उनकी फसलें प्रभावित होगी। किसान नेता रणजीत सिंह राजू ने कहा कि नहरबंदी फरवरी के पहले सप्ताह से ली जाए ताकि जनवरी अंत तक गेहूं-जौ की फसलों को दो-दो सिंचाई मिल सके। हुसैनीवाला से पुरानी बीकानेर कैनाल के जरिए 45 आरडी पर पूरा पानी लेने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था का ट्रायल किया जाए जिससे किसानों को बारी-पिटने का डर न रहे।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अमर सिंह बिश्नोई ने कहा कि पिछले तीन महीनों से जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को मांगें भेजी जा रही हैं लेकिन सरकार ने किसान संगठनों से बिना विचार-विमर्श के नहरबंदी की योजना बनाई है। साथ ही बीकानेर कैनाल की सफाई नहीं हुई और न ही गेट रिपेयर किए गए। खेतों में गेहूं-जौ को अभी तक एक बारी पानी भी नहीं लगा, जबकि फसलों को दो-तीन सिंचाई के बाद ही नहरबंदी का फैसला होना चाहिए था।

- **नहरबंदी से पहले पानी की ऑप्शनल व्यवस्था नहीं की तो फसलें नष्ट हो जायेगी**

## छात्रों ने पुलिस की कार्यप्रणाली समझी

**बज्जू, (कासं)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर बज्जू पुलिस थाने में राजकीय कॉलेज, राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल और निजी स्कूलों के स्टूडेंट्स सहित स्थानीय युवाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

थानाधिकारी सीआई जगदीश प्रसाद ने थाना परिसर में आये स्टूडेंट्स को विभिन्न अनुभागों का विजिट कराया। उन्होंने सीएलजी भवन, स्वागत कक्ष, बैरक, एचएम कार्यालय, मालखाना, अनुसंधान कक्ष और कंप्यूटर डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मालखाना में स्टूडेंट्स को पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियार, टॉर्च और बुलेटप्रूफ जैकेट दिखाए गए। उनकी क्षमता और उपयोगिता समझाई गई।

# बीकानेर शहर को जल्द मिलेगी नई मेडिसिन विंग

**बीकानेर, (कासं)।** प्रदेश की सबसे बड़ी मेडिसिन विंग इसी महीने शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल इसे जनता को समर्पित करेंगे। उनका दौरा 17-18 जनवरी को संभावित माना जा रहा है। इसके लिए भामाशह के प्रतिनिधियों को 13 को जयपुर बुलाया गया है। पीबीएम हॉस्पिटल में मेडिसिन विभाग की सात यूनिट है।

विभाग के पास मैन बिल्डिंग में डी, ई, एफ, एच, आई, जे, के. वार्ड, दो आईसीयू और एक कैजुअल्टी है। इन सभी को क्रमवार शिफ्ट किया जायेगा। प्रायोगिक तौर पर सबसे पहले विभाग के एचओडी प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र वर्मा और सीनियर प्रोफेसर डॉ. वीर बहादुर की यूनिट शिफ्ट होगी। दोनों को के वार्ड मिला हुआ है। इनकी यूनिट में आने वाले मरीजों को इसी वार्ड में भर्ती किया जाता है। इस वार्ड के मरीजों को जल्दी ही नई विंग में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। उसके 24 घंटे बाद एक-एक करके अन्य वार्डों के मरीजों को शिफ्ट किया जायेगा। मरीजों को शिफ्ट करने के लिए बाकायदा एम्बुलेंस लगाई जायेगी।

आईसीयू और कैजुअल्टी की शिफ्टिंग सबसे अंत में की जायेगी। मार्च तक विंग के सभी वार्ड शुरू हो जायेंगे। जांचें भी यहीं होंगी। मैन बिल्डिंग में विभाग के पास करीब 300 बैड हैं। जबकि मरीजों की संख्या मौसमी बीमारियों के दिनों में बढ़ जाती है। नई विंग के लिए मैन पावर के प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिए गए हैं। जनरल वार्ड 9, 3आईसीयू 20 बैड, 1 आइसोलेशन वार्ड 9 बैड, सिंगल बैड कॉटेज 39, डबल एंड थ्री बैड कॉटेज 14, 1 कैदी वार्ड 11 बैड, 1 आर्मी वार्ड 9 बैड, डॉक्टर्स चैंबर 8, पानी विद आरओ 16, 232 टॉयलेट, 91 बाथरूम, लेक्चरर थिएटर 150 चेयर, वेटिंग हॉल 600 चेयर, सीसीटीवी कैमरे 165, ऑक्सीजन प्लांट आदि।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल इसे जनता को समर्पित करेंगे। उनका दौरा 17-18 जनवरी को संभावित माना जा रहा है, इसके लिए भामाशह के प्रतिनिधियों को 13 को जयपुर बुलाया गया है**

## ज्ञानशाला परीक्षा का आयोजन

**बीकानेर, (कासं)।** जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा के ज्ञानशाला प्रकोष्ठ द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में ज्ञानशाला की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। स्थानीय तेरापंथ भवन में ज्ञानशाला परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा से पूर्व उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि श्री कमल कुमार ने ज्ञानार्थियों को प्रेरणात्मक उद्बोधन प्रदान कर मंगल पाठ सुनाया। मुनिश्री के पावन सानिध्य में प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त प्रश्न पत्रों को खोला गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या:** एस. एंड टी-बी. के. एन/25-26/33; **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर दूर संचार गियर के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण के लिए दूरसंचार कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य रू:** 2696523.02; **बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये में):** 53900.00; **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 05.01.2026 को 15:00 बजे तक; **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 76-AN/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5094 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 9-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा न. 28 के किला न. 12,13 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0''गुणा 50'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती किरण बाला पत्नी श्री जगदीश कुमार निवासी बाबा दीप सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती किरण बाला पत्नी श्री जगदीश कुमार निवासी बाबा दीप सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 28 के किला न. 12,13 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0''गुणा 50'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

-सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

# बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू गूजा' 16 से, तैयारी जोरों पर

**बीकानेर, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर एक बार फिर से बच्चों के लिए आ रहा है बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल-आजू गूजा। इस फेस्टिवल की धूम इस बार डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 16 से 18 जनवरी तक रहेगी।

फेस्टिवल का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगा। जिला प्रशासन, नगर निगम, बीडीए और मलंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस भव्य आयोजन में 3 से 14 साल तक के बच्चे भागीदारी निभा सकेंगे। विदित है पिछले साल पहली बार इस फेस्टिवल का आयोजन रेलवे ग्राउंड पर किया गया था। आयोजन की तैयारियों को लेकर निगम कमिश्नर मयंक मनीष ने सोमवार को डॉ करणी सिंह स्टेडियम में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर फेस्टिवल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।



**बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू गूजा' की तैयारियों को लेकर निगम कमिश्नर मयंक मनीष ने अधिकारियों के साथ बैठक कर फेस्टिवल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।**

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक के.डी. चारण, कोषाधिकारी धीरज जोशी, मलंग फाउंडेशन के गोपाल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर निगम कमिश्नर मयंक मनीष ने बताया कि इस अनूठे फेस्टिवल में बच्चों के लिए देश भर से थिएटर, चित्रकला, माइम, पॉटरी मेकिंग, ऑरिगेमी, मैजिक शो, जायंट पपेट, म्यूजिक एवं नृत्य के अलावा बड़ी संख्या में कलाकार बीकानेर आयेंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार आजू-गूजा का खास आकर्षण धारावी से 18 बच्चों की थियेटर क्रांति रहेगी। इसमें मुंबई के धारावी स्लम से 18 होनहार बच्चे आ रहे हैं, जो यहां पर रैपिंग, ग्रैफिटी, म्यूजिक और थिएटर के माध्यम से संघर्ष से सफलता की कहानी मंच पर साकार करेंगे। फेस्टिवल में बीकानेर में पहली बार दिल्ली से आ रही 15 से 17 फीट ऊंची विशेष जायंट पपेट होगी। जो पूरे मैदान में घूमेगी और दूर से ही अपनी ओर सभी का ध्यान खींचेगी। मयंक मनीष ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए खासतौर पर भारत के चार्ली चैपलिन कहे जाने वाले कुणाल मोटलिंग को मुम्बई से बुलाया गया है। जो बिना शब्दों के ही अपनी भावनाओं को साक्षात करेंगे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई

**बीकानेर, (कासं)।** वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर में स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को वेटरनरी विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद की मूर्ति पर माला एवं पुष्प अर्पित किये गये।

अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर प्रो. हेमन्त दाधीच ने गुरू की महत्ता बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श है। उन्होंने युवाओं को अपनी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को देश के उत्थान में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन की दिशा निर्धारण करना चाहिए एवं अपने कर्तव्य का निर्वाह करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त निदेशक पशुपालन डॉ. संजय शर्मा, निदेशक अनुसंधान डॉ. बी.एन. श्रृंगी, निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, निदेशक एच.आर.डी. राहुल सिंह पाल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुनीता पारीक सहित फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.02.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

गंगानगर, सूरतगढ राजस्थान, 13556073006682 1,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9911809139 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.